नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
महाराणा प्रताप महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
Mob. No. 7897475917, 9795471750
Website: www.mpm.ac.in
E-mail: mpmpg5@gmail.com

दिनांक : 31/10/2026

प्रकाशनार्थ

दिवाली ट्रेड फेयर में विद्यार्थियों ने दिखाई उद्यमशीलता और व्यावसायिक कौशल

गोरखपुर, 03 नवंबर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को दिवाली ट्रेड फेयर-2026 का आयोजन किया गया। मेले में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए विभिन्न उत्पादों एवं खाद्य पदार्थों के आकर्षक स्टॉल लगाए। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्यमशीलता, विपणन कौशल, व्यावसायिक प्रबंधन, वित्तीय नियोजन एवं ग्राहक व्यवहार की व्यावहारिक समझ विकसित करने का अवसर मिला।

मेले में कुल 16 स्टॉल लगाए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने अपने व्यावसायिक विचारों को रचनात्मक स्वरूप देते हुए उत्पादों की प्रस्तुति, स्टॉल की सजावट, मूल्य निर्धारण, पैकेजिंग एवं बिक्री का प्रबंधन स्वयं किया। द सैंडविच जंक्शन, धेनुका धूप (ऑर्गेनिक अगरबत्ती), द क्रोशे कॉर्नर, गरमा गरम पकौड़ा जंक्शन, फ्राइज एंड फिज, नूर-ए-दिया, प्रोफेसर का पारा झालमुड़ी हमारा, मां विंध्यवासिनी फूड्स, स्वीट ट्रीट्स कॉर्नर, चटपटा जलजीरा एंड अरेबियन डेजर्ट कॉर्नर, नवाबी छोला समोसा, काजू कतली एंड रबड़ी, टेराकोटा, हैंडमेड क्राफ्ट, कुरकुरे की एक्टिविटी तथा द क्रोशे कर्ल्स बाय चिन्नी क्रिएशन सहित विभिन्न स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे।

आयोजन की एक महत्वपूर्ण विशेषता पर्यावरण अनुकूल पैकेजिंग को प्रोत्साहन देना रही। विद्यार्थियों को प्लास्टिक के स्थान पर बटर पेपर, क्राफ्ट पेपर, समाचार पत्र, पत्तों के दोने-पत्तल, पेपर कप एवं पेपर बाउल जैसी पर्यावरण हितैषी सामग्रियों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल ने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि सफल व्यवसाय के साथ पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन भी आवश्यक है।

मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मां विंध्यवासिनी फूड्स को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल घोषित किया गया। स्टॉलों के मूल्यांकन एवं उत्कृष्ट प्रतिभागियों के चयन के लिए गठित निर्णायक मंडल में कंप्यूटर विभाग की सहायक आचार्य सुश्री अंजलि चौधरी, गणित एवं सांख्यिकी विभाग की सहायक आचार्य सुश्री तान्या श्रीवास्तव तथा प्राचीन इतिहास विभाग के प्रभारी डॉ. सुबोध मिश्रा शामिल रहे। निर्णायक मंडल ने उत्पादों की गुणवत्ता, प्रस्तुतीकरण, रचनात्मकता, सजावट एवं व्यावसायिक प्रबंधन सहित विभिन्न मानकों के आधार पर स्टॉलों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम का संयोजन वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल ने किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी

व्यापार मेला – २०२६





